एक नजर में

आगामी त्योहारों को लेकर बैठक

सारंगपुर 27 जुलाई, सं. राधा-कृष्ण मंदिर में राठौर समाज की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष सतीश राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आगामी वीर दुर्गादास जी राठौर की 388 वीं जयंती, जन्माष्टमी एवं डोल ग्यारस के पर्व को हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को वीर दुर्गादास जी राठौर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी. साथ ही जन्माष्टमी के अवसर पर राधा-कृष्ण राठौर समाज मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा. बैठक में यह भी तय किया गया कि जयंती के अवसर पर भव्य भगवा-तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी. बैठक में समाज के वरिष्ठ एवं नवयुवक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का भव्य आयोजन

राजगढ़ 27 जुलाई, का. भारत के गौरवशाली इतिहास में 26 जुलाई का दिन स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है. वर्ष 1999 में भारतीय सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस, पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त कर राष्ट्र की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा की थी. मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथियों सेवानिवृत्त इंडियन एयर फोर्स अधिकारी नवीन गुप्ता, सेवानिवृत्त सैनिक रामबाबू दांगी, सेवानिवृत्त सैनिक नरेन्द्र सिंह तंवर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खरे द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कारगिल युद्ध के दौरान के अपने अनुभव साझा करते हुए भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला. श्री दांगी एवं श्री तंवर ने सैनिक जीवन की कठिन दिनचर्या, अनुशासन और कठोर परिश्रम का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को भी अनुशासित जीवन एवं सतत परिश्रम के माध्यम से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति का संदेश दिया. इस अवसर पर कारगिल विजय दिवस पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एकता में अनेकता की शपथ दिलाई गई. साथ ही साथ महाविद्यालय में देशभक्ति कॉर्नर का भी निर्माण किया गया.

बुआ के योनो ऐप से डेढ़ लाख उड़ाए

भतीजे ने दोस्तों के साथ मिलकर खाते से राशि गायब की, दोस्तों समेत इंदौर से पकड़ाया

योनो ऐप का पासवर्ड का इस्तेमाल कर 5 दोस्तों संग मिलकर की ठगी, इंदौर से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जुलाई, का. राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है. यहां एक महिला के भतीजे ने बुआ के मोबाइल और योनो बैंकिंग ऐप का पासवर्ड इस्तेमाल कर उनके सैलरी खाते से 1.50 लाख ट्रांसफर कर दिए. इस वारदात में पांच अन्य दोस्त भी शामिल थे, जिन्होंने रकम निकालने में मदद की. पुलिस ने सभी छह आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर पूरी रकम बरामद कर ली है.

एसपी अमित तोलानी ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि यह मामला 15 जुलाई का है. खिलचीपुर के वार्ड-14 निवासी सरिता हुरकुटे ने थाना खिलचीपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के सैलरी खाते से योनो ऐप के जरिए ?1.50 लाख ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए हैं. जांच में सामने आया कि इस वारदात का मास्टरमाइंड सरिता हुरकुटे का भतीजा पुष्कर टाकले है. पारिवारिक संबंधों के कारण उसे बुआ के मोबाइल और योनो ऐप का पासवर्ड पहले से पता था.

दोस्त का अकाउंट एड किया और पैसे ट्रांसफर कर लिए

पुलिस के अनुसार, पुष्कर ने पहले विवेक राठौर के नाम से बैंक खाते में बेनिफिशियरी जोड़ा और फिर महिला के खाते से 1.50 लाख ट्रांसफर कर दिए. इसके बाद उसने अपने साथियों राहुल वैष्णव, यशराज उर्फ यश चौहान, मनवीर सिंह और अभय चावड़ा की मदद से अलग-अलग माध्यमों से यह रकम निकाल ली. खिलचीपुर थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम और जिला साइबर सेल ने बैंक ट्रांजेक्शन, डिजिटल साक्ष्य और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया. पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. पुलिस ने सभी छह आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर ठगी गई पूरी राशि बरामद कर जब्त कर ली है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विवेक राठौर, यशराज उर्फ यश चौहान, अभय चावड़ा, मनवीर सिंह, पुष्कर टाकले और राहुल वैष्णव शामिल हैं. इनमें से विवेक और राहुल के खिलाफ पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बैंकिंग एप का पासवर्ड, एम-पिन, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें. चाहे वह परिवार का सदस्य या करीबी रिश्तेदार ही क्यों न हो.

पेट्रोल चोरी के आरोपी पुलिस की पकड़ में आए

तलेन 27 जुलाई, सं. कुरावर रोड़ नाहली स्थित पेट्रोल पंप पर 23 जुलाई की रात 3 अज्ञात लोगों ने रात के समय मौके पर फायदा उठाकर करीब 110 लीटर फ्यूल की चोरी की थी. मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपियों को पकड़ लिया है. आरोपियों पर पूर्व में भी भोपाल, विदिशा और शुजालपुर में अपराधिक प्रकरण दर्ज है. रात में समय बारिश के दौरान कर्मचारी केबिन में सो रहे थे उसी दौरान 3 बाईक सवार वहां आए. चुपचाप बाईकों में पेट्रोल और कैन में फ्यूल लेकर गायब हो गए. तीनों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. मामले की सूचना 24 जुलाई को पंप संचालक अंकित राजपूत ने पुलिस को दी. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आरोपियों के बीच बातचीत के आधार पर तलाश शुरू की. आरोपी पेट्रोल ले जाते समय बाईक से गिरे भी थे. भोपाल और शुजालपुर के रहने वाले है आरोपी.

अब सार्थक पर अटेंडेंस अनिवार्य वरना नहीं मिलेगा वेतन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 27 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. डॉ. मिश्रा ने आमजन को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा कार्यों में गुणवत्ता, जवाबदेही एवं प्रभावी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए.

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी सार्थक ऐप पर नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें तथा उपस्थिति के आधार पर ही वेतन आहरित किया जाए. उन्होंने निर्देशों के पालन में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आगामी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए.

बैठक में सीनियर एनीमिया, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की मॉनिटरिंग तथा क्षय रोग (टीबी) के मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराने की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा करे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलीपीठ टप्पा के तीन आवेदन निर्धारित समय-सीमा से बाहर पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर पाँच-पाँच सौ रुपये का अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

रात में हाईवे पर सवारियों को उतार रहे बस चालक

बिना बस स्टेण्ड अंधेरे में यात्रियों की फजीहत

नवभारत न्यूज

पड़ाना 27 जुलाई, सं. बायपास बनने से पूर्व इंदौर, उज्जैन, शाजापुर और सारंगपुर मार्ग की यात्री बसें पड़ाना गांव के अंदर से होकर गुजरती थीं. इससे यात्रियों को सीधे घर के पास उतरने की सुविधा मिलती थी. लेकिन बायपास शुरू होने के बाद अब कुछ बस संचालक समय बचाने के चक्कर में गांव के अंदर न जाकर सवारियों को बायपास पर ही उतार दे रहे हैं.

शाम होते ही बायपास पर घनघोर अंधेरा हो जाता है. इसी अंधेरे में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार यात्रियों को सामान के साथ उतार कर बसें आगे बढ़ जाती हैं. इससे पड़ाना के साथ रामपुरिया खेड़ा, साधन खेड़ी, अखनियां खेड़ी और मगराना के लोगों को लगभग एक किलोमीटर तक पैदल चलने को मजबूर होना पड़ रहा है.

नियमों का हो रहा उल्लंघन

परिवहन नियमों के अनुसार यात्री बसों का दायित्व है कि यात्रियों को उनके गंतव्य या निर्धारित बस स्टैंड तक पहुंचाया जाए. ग्रामीणों का आरोप है कि बायपास पर सवारी उतारना नियम विरुद्ध है, इसके बाद भी लगातार ऐसा किया जा रहा है. समस्या को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन और आरटीओ से जनहित में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. ग्रामीणों की मांग है कि रात के समय आने वाली सभी यात्री बसों का गांव के अंदर प्रवेश अनिवार्य किया जाए .बायपास पर यात्रियों को उतारने वाली बसों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए.नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल के लोग राजेश यादव, चंद्रेश सक्सेना, ओम परमार, अशोक गुप्ता, ओम गुप्ता, सचिन गुप्ता, सतीश चौरसिया, सुनील गुप्ता, सादिक मंसूरी, इमरान मंसूरी, बद्री मामा, अनोखी लाल जाट, रफीक अंसारी, सुनीता सक्सेना, लक्ष्मी जाट, मोनिका जाटव सहित ग्रामीणों का कहना है कि बायपास विकास के लिए बना है, परेशानी के लिए नहीं. प्रशासन इस ओर ध्यान देकर यात्रियों को पहले जैसी सुविधा उपलब्ध कराए.

फूल माली सकल पंचायत की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 27 जुलाई, सं. अध्यक्ष शिवनारायण काका के नेतृत्व में सकल पंच फूलमाली समाज की बैठक श्री राम मंदिर मुकेरवाड़ी में आयोजित की गई. जिसमें धर्मशाला उज्जैन के बारे में चर्चा कर निर्माण में सहयोग एवं एक जुटता सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई. पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण काका को नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त करने पर भी समाज जनो ने साफा श्रीफल एवं पुष्प माला दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया. इस दौरान समाज सेवी गंगाराम पुष्पद, हीरा लाल पुष्पद ,पूर्व अध्यक्ष रामचरण पुष्पद, शिवचरण पुष्पद संतोष पुष्पद, रामनारायण पुष्पद, मांगीलाल पुष्पद,अशोक पुष्पद,दौलत राम पुष्पद,आत्माराम पुष्पद, कैलाश वर्मा, प्रेम नारायण पुष्पद, धन सिंह पुष्पद, सुरेश पुष्पद,संतोष टेलर, दुर्गालाल पुष्पद, ओम पुष्पद मांगीलाल पुष्पद, सचिव गोरेलाल पुष्पद, कमल पुष्पद,राहुल पुष्पद, सतीश पुष्पद, पारस पुष्पद,सहित अन्य समाज जनो ने स्वागत किया. उक्त जानकारी जिला फुलमाली समाज प्रवक्ता लोकेश पुष्पद ने दी.

मिसाइल मैन डॉक्टर कलाम को सलाम किया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 27 जुलाई, का. भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के अटल बिहारी वाजपेयी शक्ति केंद्र वार्ड 07 बूथ 108 तिल्ली चौक पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति को याद किया गया. उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर पूर्व पार्षद एवं बूथ अध्यक्ष सुनील मेवाडे, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व दरगाह सदर मोहम्मद शफीक खान,शक्ति केंद्र संयोजक पंडित ओम प्रकाश शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, मंडल महामंत्री प्रांजल खुजनेरी नवनियुक्त एल्डरमैन द्वये पप्पू मनवाना एवं रघु राज अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री इरफान मेवाती, दौलत सिंह पंवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

जनशिक्षकों के नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षण

राजगढ़ 27 जुलाई, का. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ में 13 से 17 जुलाई और 20 से 24 जुलाई तक दो चरणों में पांच दिवसीय जन शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ. जन शिक्षकों की भूमिका विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने शिक्षकों को सतत शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे.

लोड सेटिंग के दौरान कटौती बनी परेशानी, बिजली कंपनी अपील भरोसे

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 27 जुलाई, का. वर्तमान में अत्यधिक विद्युत मांग एवं तकनीकी परिस्थितियों के चलते विद्युत ग्रिड की स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अस्थायी लोड प्रबंधन किया जा रहा है. इसके कारण उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा के लिए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने खेद व्यक्त किया है. कंपनी ने बताया कि विद्युत आपूर्ति को शीघ्र सामान्य करने के लिए विद्युत विभाग की टीमें 24 घंटे निरंतर कार्य कर रही हैं. कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें. साथ ही उपकेंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाने में बिजली कर्मचारियों का सहयोग करने का अनुरोध किया गया है. किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी असुविधा अथवा शिकायत के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं.

गलियों, सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का डेरा

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 27 जुलाई, सं. नगर में इन दोनों बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या से सभी वर्ग के लोग परेशान है, मवेशियों का जमावड़ा यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है.दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी विभिन्न गांवों एवं नगर क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है. नगर के स्टेट हाईवे रोड पर सैकड़ों की संख्या में विचरण बेसहारा मवेशी यातायात बाधित कर रही है. बावजूद इसके नगर परिषद द्वारा मवेशियों को सड़क से हटाने के कोई प्रतिबंध नहीं किया जा रहे हैं.

नागरिकों का कहना है कि इन मवेशियों को सड़क से हटने वाले नपा द्वारा तैनात किए कर्मचारी भी अब नजर नहीं आते हैं. नगर के स्टेट हाईवे रोड सहित नलखेड़ा रोड ,खजूरी रोड ,काकरिया रोड ,तालाब परिसर सहित गाय और सांड सड़कों पर घूमते हैं ऐसे में इन बेसहारा पशुओं सड़क पर वाहनों के सामने आने जाने से कई बार जाम की स्थिति पैदा हो जाती है. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है जल्द इस समस्या से निजात दिलाई जाये.

श्रद्धा | अखंड ज्योति के राजगढ़ आगमन पर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब, गायत्री परिवार ने किया भव्य स्वागत

सौ वर्षों से प्रज्वलित अखण्ड ज्योति पहुंची राजगढ़, स्वागत किया

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 27 जुलाई, सं. गायत्री परिवार राजगढ़ द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार में पिछले 100 वर्षों से निरंतर प्रज्वलित पावन अखंड ज्योति को पचोर शक्तिपीठ से राजगढ़ लाया गया. इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला.

कार्यक्रम के तहत राजगढ़ से गायत्री परिवार के सदस्य विशेष वाहनों से पचोर शक्तिपीठ पहुंचे. वहां जिला समन्वयक ओ.पी. पवार ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ अखंड ज्योति की पूजा-अर्चना कर उसे राजगढ़ के परिव्राजक सूर्यभान सिंह को ससम्मान सौंपा.

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रताप सिंह सिसोदिया ने अखंड ज्योति के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखंड ज्योति केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, पवित्रता, संस्कार और निरंतर साधना का संदेश देती है तथा समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है.

इसके बाद अखंड ज्योति को गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और गायत्री माता के जयघोष के साथ राजगढ़ लाया गया. नगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर दिव्य ज्योति का भव्य स्वागत किया. इस दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे.

नरसिंह मंदिर झीरी में अब नए स्वरूप में देंगे दर्शन वीर बजरंगबली

नवभारत न्यूज, पड़ाना 27 जुलाई, सं. नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर झीरी स्थान में विराजित श्री वीर बजरंगबली अब भक्तों को एक बिल्कुल नए और आकर्षक स्वरूप में दर्शन देंगे. सोमवार शाम को उज्जैन से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने बाबा का विशेष श्रृंगार और साज-सज्जा की. नए स्वरूप में बजरंगबली को देखकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. इस अवसर पर मंदिर के महंत कौशल किशोर दास के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना की गई. मंदिर के पुजारी सर्वेश्वर दास महाराज और खेड़ापति हनुमान मऊ के महंत गुरु चरण दास जी महाराज सहित संत-भक्त उपस्थित रहे.